Hindi / हिंदी

प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं को **चरणबद्ध तरीके से बंद** करने का समय आ गया है

2022 में, NSW ने कुछ एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया था, जिनमें निम्नलिखित चीज़ें शामिल हैं:

- एकल-उपयोग प्लास्टिक स्ट्रॉ, स्टिरर और कटलरी
- बिना ढक्कन वाली एकल-उपयोग प्लास्टिक की प्लेटें और कटोरे
- विस्तारित पॉलीस्टाइरिन के खाने के बर्तन

परिवर्तनकाल की समाप्ति

व्यवसायों को मशीन-स्वचालित प्रक्रिया (जिसे 'एकीकृत पैंकेजिंग' के रूप में जाना जाता है) द्वारा खाद्य या पेय पदार्थों से सीलबंद या जुड़ी हुई प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए दो साल की परिवर्तनकाल कीअवधि दी गई थी।

1 जनवरी 2025 को दो साल का ट्रांज़िशन पीरियड ख़त्म हो जाएगा।

एकीकृत पेंकेजिंग के उदाहरण जिन्हें **1 जनवरी 2025** से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा

एक **विस्तारित पॉलीस्टीरिन (ईपीएस) कप** जिसमें सूखे नूडल्स के साथ फ्लेवर या सूप पाउडर होते हैं जिसे मशीन-स्वचालित प्रक्रिया द्वारा सील किया जाता है

मशीन-स्वचालित प्रक्रिया द्वारा स्नैक पेंक की पेंकेजिंग के भीतर सील किया गया **एक प्लास्टिक का चम्मच**

मशीन-स्वचालित प्रक्रिया द्वारा जूस के बॉक्स से जुड़ा एक सीलबंद **प्लास्टिक का स्ट्रॉ**

Hindi / हिंदी

मुझे क्या करना होगा ?

आपको यह योजना बनाने की आवश्यकता हैं कि आप कैसे उन प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं को देना बंद करेंगे जिन्हें मशीन-स्वचालित प्रक्रिया द्वारा खाद्य या पेय पेंकेजिंग में सील किया गया हैं या साथ लगाया गया हैं।

- ✓ प्रभावित उत्पादों का स्टॉकटेक व्यवस्थित करें
- ✓ इन उत्पादों के विकल्पों के बारे में अपने सप्लायर से बात करें
- ✓ **1 जनवरी 2025** से पहले प्रभावित उत्पादों के अपने स्टॉक का उपयोग कर लें

जानकर अच्छा लगा

- ऐसे उत्पाद जिनमें प्रतिबंधित प्लास्टिक की वस्तुएं मैंन्युअल रूप से (हाथ से) सील की गई हैं या भोजन या पेय से जुड़ी हुई हैं, वे पहले से ही प्रतिबंधित हैं और उन्हें नहीं दिया जा सकता हैं।
- बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक, कंपोस्टेबल प्लास्टिक (ऑस्ट्रेलियाई प्रमाणित कंपोस्टेबल प्लास्टिक सहित) और बायोप्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर भी प्रतिबंध हैं।

!

1 जनवरी 2025 से इन उत्पादों को देना एक अपराध हैं और आप पर जुर्माना लगाया जा सकता हैं। जुर्माना व्यक्तियों के लिए **$1,100** और निगमों के लिए **$5,500** से शुरू होता हैं।

अधिक जानने के लिए स्कैन करें

अधिक जानकारी या सलाह के लिए

पर्यावरण लाइन पर फ़ोन करें: **131 555**

टीम को ईमेल करें: **plastics@epa.nsw.gov.au**

NSW GOVERNMENT